संपादकीय

## सुर्खियों के सुखबोध का सच

**जलवायु सम्मेलन के बाद सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन पर दुनिया का ध्यान जाता है।**

**ये हर साल की कहानी है। नवंबर या दिसंबर में संयुक्त राष्ट्र का जलवायु सम्मेलन होता है। जब ये समाप्त होता है तो सुर्खियों में बताया जाता है कि एक बड़ी सहमति के साथ सम्मेलन हुआ। मिस्र में हुए 27वें जलवायु सम्मेलन की कथा इससे अलग नहीं है। कहा गया है कि लॉस एंड डैमेज के मुद्दे पर बड़ी कामयाबी से सम्मेलन की समाप्ति हुई। लेकिन आखिर ये बड़ी कामयाबी क्या है? धनी देश सिद्धांत रूप में इस पर राजी हुए कि भविष्य में अगर जलवायु परिवर्तन के कारण आई प्राकृतिक आपदा के किसी गरीब देश को क्षति होती है, वे उसकी भरपाई में वित्तीय योगदान करेंगे। इस कोष का स्वरूप क्या होगा, इस बारे में अगले साल होने वाले सम्मेलन में फैसला किया जाएगा। कौन देश कितना योगदान करेगा, इस बारे में कोई विवरण तय नहीं हुआ। उलटे धनी देश यह मनवाने में सफल हो गए कि ऐतिहासिक रूप से उन्होंने कार्बन उत्सर्जन के जरिए वातावरण को जो नुकसान पहुंचाया है, उसकी जिम्मेदारी से उन्हें मुक्त कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि अब तक के सभी सम्मेलनों में उनकी इस जिम्मेदारी चर्चा होती रही थी।**

**इसके अलावा धरती के तापमान में वृद्धि को औद्योगिक युग शुरू होने के समय की तुलना में 1.5 डिग्री सेल्सियस से अधिक ना बढ़ने देने के किसी नए उपाय पर चर्चा नहीं हुई और गरीब देशों ने इस पर जोर भी नहीं डाला। बहरहाल, यहां यह जरूर याद कर लेना चाहिए कि 2009 में कोपेनहेगन में हुए सम्मेलन में तत्कालीन अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा की पहल पर धनी देशों ने जलवायु परिवर्तन रोकने के उपायों के लिए 100 बिलियन डॉलर का फंड बनाने का संकल्प लिया था। वह संकल्प आज तक घोषणाओं से आगे नहीं बढ़ सका। तो नई सहमति का क्या हाल होगा, यह सवाल वाजिब है। इसलिए मिस्र के शरम अल-शेख में हुए सम्मेलन के बाद मीडिया की सुर्खियों में जो सुखबोध दिख रहा है, उसमें ज्यादा दम नहीं है। इन सम्मेलनों की असल में फिलहाल इतनी ही प्रासंगिकता रह गई है कि इनके जरिए जलवायु परिवर्तन की समस्या पर दुनिया का ध्यान जाता है। और समस्या है, तो उस पर बात होती रहनी चाहिए, यह आम समझ है।**

# रेइट कंपनियों के पास किराया योग्य सम्पत्ति में 6.85 की वृद्धि : रिपोर्ट




**मुंबई।** बाजार अनुसंधान कंपनी स्मॉलकेस टेक्नोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड की अनुषंगी विंडमिल कैपिटल की एक ताजा अध्ययन रिपोर्ट के अनुसार देश में सूचीबद्ध रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रेइट) के पास कुल पट्टा योग्य क्षेत्र सालाना आधार पर 6.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ इस वर्ष सितंबर के अंत में 9.36 करोड़ वर्ग फुट तक पहुंच गया।

पिछले साल इस माह उनके पास किराए पर देले योग्य कुल क्षेत्र 8.76 करोड़ वर्ग फुट था। रेइट के पास सबसे अधिक पट्टा योग्य क्षेत्र बेंगलूरू में है जबकि नोएडा में इस क्षेत्र में सालाना आधार पर सबसे अधिक वृद्धि दर्ज की गयी है।

रिपोर्ट के अनुसार रेइट कंपनियों में सबसे ऊंचा निवेश प्रतिफल ब्रुकफील्ड ने दिया। इसने दिसंबर में कारोबार शुरू करने के बाद 17.85 प्रतिशत की दर से प्रतिफल दिया है। रेइट एक ऐसी कंपनी होती हैं जो किराए पर चढ़ाने योग्य अचल संपत्ति का स्वामित्व रखने के साथ उनका परिचानल और वित्त पोषण करती हैं। निवेशकों के लिए म्युचुअल फंड की तर्ज पर रेइट की यूनिटों में निवेश करके अचल सम्पत्ति को सीधे खरीदे बगैर उसमें निवेश से लाभांश अर्जित करने का अवसर मिलता है।

सूचीबद्ध रेइट फर्मों द्वारा दाखिल विवरणों के अनुसार 30 सितंबर 2022 को उनके पास बेंगलूर में कुल पट्टे लायक क्षेत्र 2.78 करोड़ वर्ग फुट था जो अन्य शहरों की तुलना में सबसे अधिक है। बेंगलूर में उनके पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र में सालाना आधार पर 2.96 प्रतिशत की वृद्धि रही। सितंबर 2021 के अंत में वहां उनके पास ऐसी जगह 2.7 करोड़ वर्ग फुट थी। नोएडा में रेइट के तहत कुल पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र सितंबर 2021 के 74 लाख वर्ग फुट से बढ़ कर इस वर्ष सितंबर के अंत में एक करोड़ 19 लाख वर्ग फुट हो गया। यह सालाना आधार पर 60.81 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है।

रिपोर्ट के मुताबिक सूचीबद्ध रेइट की विस्तार योजनाओं के अनुसार, आने वाली तिमाहियों में वर्तमान पट्टा योग्य क्षेत्र में 10 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि होने की उम्मीद है। रिपोर्ट में कहा गया है कि रियल एस्टेट इन्वेस्टमेंट ट्रस्ट (रेइट) एक मजबूत निवेश विकल्प के रूप में उभरा है। इसमें जिनोव मैनेजमेंट कंसल्टिंग एंड स्मॉलकेस की रिपोर्ट 'राइज़ ऑफ़ द इंडियन रिटेल इन्वेस्टर' का हवाला देते हुए कहा गया है कि खुदरा निवेशक अपने निवेश पोर्टफोलियो का औसतन 2 प्रतिशत तक निवेश अब रेइट में आवंटित कर रहे हैं।

विंडमिल कैपिटल स्टडी के अनुसार मुंबई में रेइट के पास पट्टे पर देने योग्य क्षेत्र में सबसे अधिक 77 लाख वर्ग फुट और चेन्नई में 50 लाख वर्ग फुट की वृद्धि होने होने की उम्मीद है। रिपोर्ट के अनुसार इस वर्ष सितंबर के अंत तक सूचीबद्ध रेइट फर्मों के पास मुंबई में पट्टा योग्य क्षेत्र सालाना आधार पर 1.85 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.65 करोड़ वर्ग फुट, पुणे में 2.16 प्रतिशत की वृद्ध के साथ 1.42 करोड़ वर्ग फुट, गुरुग्राम में 40 लाख वर्ग फुट के पूर्व के स्तर पर, हैदराबाद में 0.79 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 1.27 करोड़ वर्ग फुट, चेन्नई और कोलकाता में क्रमश: पिछले साल के स्तर पर आठ लाख वर्ग फुट और 57 लाख वर्ग फुट रहा।

# देश भर में जीओ की सर्विस ठप, कॉल और एसएमएस नहीं कर पाए यूजर्स- 3 घंटे रहे परेशान




**नई दिल्ली।** भारत के सबसे लोकप्रिय और नंबर वन टेलीकॉम ऑपरेटर रिलायंस जियो को आज आउटेज का सामना करना पड़ा। जानकारी के अनुसार जियो यूजर्स को आज कॉल करने या कॉल रीसिव करने में परेशानी हुई। इतना ही नहीं लोग एसएमएस का उपयोग करने में असमर्थ हो गए। देश भर में 29 नवंबर को सुबह करीब 6 बजे से यूजर्स को समस्या का सामना करना पड़ा और सुबह 9 बजे तक चला।

पिछले कुछ आउटेज के विपरीत, सेवाओं में तीन घंटे के लंबे व्यवधान के कारण अधिकांश जीओ यूजर्स के लिए मोबाइल डेटा ठीक काम कर रहा था। केवल कॉलिंग और एसएमएस सेवाएं प्रभावित हुई थीं। आउटेज की रिपोर्ट करने के लिए कई यूजर्स ने ट्विटर का सहारा लिया। आउटेज के कारण, विभिन्न प्लेटफार्मों पर टू-फैक्टर ऑथेंटिकेशन का उपयोग करने वाले जीओ यूजर्स भी एसएमएस प्राप्त करने में असमर्थ थे।

हालांकि जीओ ने अभी तक सर्विस डाउन होने का कोई आधिकारिक बयान नहीं दिया है, लेकिन अब समस्याएं ठीक हो गई हैं। व्यवधान का कारण अभी भी ज्ञात नहीं है। साल भर में कई बार इसी तरह के आउटेज की सूचना मिली थी। यूजर्स ने अक्टूबर, जून और फरवरी में इससे पहले 2022 में डेटा और कॉल का उपयोग नहीं कर पाने की सूचना दी थी।

# वित्तमंत्री ने बजट पूर्व बैठकों का सिलसिला पूरा किया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के बजट को लेकर विभिन्न हितधारकों और क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ विचार-विमर्श के लिए आयोजित की जाने वाली बैठकों का सिलसिला पूरा कर लिया है। वित्त मंत्रालय के एक बयान के मुताबिक श्रीमती सीतारमण ने 21 से 28 नवंबर के बीच ऑनलाइन माध्यम से आयोजित बैठकों की अध्यक्षता की, जिनमें मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी शामिल रहे।

इस दौरान राज्यों के वित्तमंत्रियों के साथ बैठक को मिलाकर कुल आठ बैठकें हुयीं। वित्तमंत्री ने सात हितधारक के समूहों के 110 आमंत्रित प्रतिनिधियों के साथ आगामी बजट को लेकर उनके सुझाव सुने। इन समूहों में कृषि और कृषि प्रसंस्करण उद्योग, उद्योग, अवसंरचना और वातावरण परिवर्तन, वित्तीय क्षेत्र और पूंजी बाजार, सेवा और व्यापार, सामाजिक क्षेत्र, व्यापार संगठनों, श्रमिक संस्थानों और अर्थशास्त्र क्षेत्र के प्रतिनिधि और विशेषज्ञ शामिल थे।

# बीपीसीएल ने सड़क बनाने के लिए 250 टन अपशिष्ट प्लास्टिक को किया रिसाइकल



**मुंबई।** सरकारी क्षेत्र की 'महारत्न' तेल विपणन कंपनी भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) ने कहा कि उसने 250 टन प्लास्टिक के कचरे का पुनर्चक्रण कर उससे सडक़ निर्माण की सामग्री तैयार की है। कंपनी के अनुसार इस सामग्री से 27,000 वर्गमीटर सडक़ का निर्माण किया गया है।

कंपनी की जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक इस सामग्री का उपयोग बीपीसीएल के कॉर्पोरेट रिसर्च एंड डेवलपमेंट सेंटर (सीआरडीसी) द्वारा विकसित वेस्ट प्लास्टिक रोड (डब्ल्यूपीआर) के निर्माण में किया गया है। यह पहल पर्यावरण पर किसी भी प्रतिकूल प्रभाव को कम करने और खाद्य शृखला में इसके प्रवेश को रोकने के लिए उठाए गए महत्वपूर्ण कदमों में से एक है।

कंपनी के अनुसार इस पहल से संगठन को आगे उनके 'निवल शून्य' कार्बन उत्सर्जन के लक्ष्यों को पूरा करने और 'स्वच्छ भारत मिशन' अभियान में मदद मिलने की उम्मीद है।

बीपीसीएल को लगता है कि सडक़ निर्माण बुनियादी ढांचे मिशन में इस पहल का विस्तार न केवल अपशिष्ट प्लास्टिक प्रबंधन के मुद्दे को दूर करने में सहायक साबित होगा, बल्कि जीएचजी उत्सर्जन को और कम करेगा और सर्कुलर इकोनॉमी को बढ़ावा देगा।

इस पहल को आगे बढ़ाने के लिए, बीपीसीएल ने हाल ही में मुंबई, महाराष्ट्र के पास पाटन साई में अपने एक नये फ्यूल स्टेशन में सडक़ बनाने की डब्ल्यूपीआर प्रक्रिया का उपयोग करने का उपक्रम किया है, जिसका निकट भविष्य में विस्तार होगा। 250 टन मिश्रित अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से छह राज्यों में लगभग 27,032 वर्गमीटर सडक़ों का विकास किया गया है।

# क्रिकेट के इतिहास में नया रिकॉर्ड, भारत के रितुराज गायकवाड ने एक ओवर में लगाए 7 छक्के



**नई दिल्ली।** विजय हजारे ट्रॉफी में भारतीय टीम के दिग्गज खिलाड़ी ऋतुराज गायकवाड़ ने कमाल कर दिया। चर्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र के कप्तान गायकवाड़ ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ दोहरा शतक ठोका। गायकवाड़ ने लिस्ट ए करियर में पहली बार दोहरा शतक ठोकने का कारनामा किया।

ऋतुराज गायकवाड़ ने अपने दोहरे शतक में कुल 16 छक्के और 10 चौके लगाए। मतलब दाएं हाथ के इस ओपनर ने 136 रन तो छक्के चौकों से ही बना डाले। ऋतुराज ने अपना दोहरा शतक हैरतअंगेज अंदाज में पूरा किया। 49वें ओवर में गायकवाड़ ने लगातार 7 छक्के लगाए। उन्होंने एक ओवर में 42 रन बटोरे।

बता दें कि 49वां ओवर शिवा सिंह ने फेंका और उनकी पहली चार गेंदों पर गायकवाड़ ने छक्का लगाया। इसके बाद शिवा सिंह ने पांचवीं गेंद नो बॉल फेंकी और उसपर भी गायकवाड़ ने सिक्स लगा दिया। इसके बाद पांचवीं और छठी गेंद पर भी छक्का लगाकर गायकवाड़ ने एक ओवर में सात छक्के जडऩे का कारनामा किया।

क्रिकेट इतिहास में ऐसा पहला मौका है जब किसी खिलाड़ी ने एक ओवर में 7 छक्के ठोके हैं। वहीं दूसरी ओर शिवा सिंह एक ओवर में सबसे ज्यादा 43 रन लुटाने वाले गेंदबाज बन गए हैं। इससे पहले ये रिकॉर्ड तेज गेंदबाज जेम्स फुलर के नाम था जिन्होंने एक ओवर में 38 रन लुटाए थे।

# मोतीलाल ओसवाल समूह शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट परियोजना में करेगा 450 करोड़ रुपए का निवेश




**मुंबई।** मोतीलाल ओसवाल अल्टरनेट्स (एमओए), की वैकल्पिक निवेश शाखा मोतीलाल ओसवाल ग्रुप ने शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट की दो परियोजनाओं के लिए तय तरीके से 450 करोड़ रुपये के कर्ज देने की प्रतिबद्धता जतायी है। यह जानकारी मोतीलाल ओसवाल समूह की सोमवार को जारी एक विज्ञप्ति में दी गयी।

बयान के मुताबिक यह निवेश दो परियोजनाओं में किया जाएगा, जिनमें से एक परियोजना दिल्ली के पास मानेसर में पट्टे वाली एक वाणिज्यिक परियोजना है जो आंशिक रूप से पूर्ण हो चुकी है।

दूसरी परियोजना 2021 में शुरू की गयी एक आवासीय टाउनशिप परियोजना है और इसकी बिक्री उत्साहजनक है।

बयान में कहा गया है कि व्यवस्थित ऋण अनुबंध के अनुसार किया जाएगा। शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट इस धन का उपयोग परियोजना के लिए कार्यशील पूंजी, ऋण की अदायगी और वित्तीय परियोजना पूरी करने के लिए करेगा।

एमओए वर्तमान में पांच रियल एस्टेट फंड और कई अलग-अलग गैर परिवर्तनीय रिण-पत्र निवेश योजनाओं का प्रबंधन करता है। कंपनी इस समय 6,000 करोड़ रुपये की निवेश सम्पत्तियों का प्रबंध कर रही है।

एमओए के रियल एस्टेट फंड्स के मुख्य कार्यकारी शरद मित्तल ने यह जानकारी देते हुए कहा, हमने अपने मंच के जरिए शापूरजी पलोनजी रियल एस्टेट के साथ हाल ही में एक अनुबंध किया है। यह उसके साथ हमारा पहला निवेश है।

## आज का राशिफल

***मेष :*** आज आप अपने लिए समय निकाल सकते हैं व कोई शुभ समाचार सुनने को मिल सकता है। यदि आप नौकरी में परिवर्तन की तलाश में हैं तो आप आज कई अवसर मिल सकते हैं।

***वृष :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। इस अवधि में नियोजित कार्य बहुत अधिक परिणाम नहीं दिखाएगा, किन्तु परिणाम जो भी हों, सकारात्मक होंगें। आर्थिक लाभ प्राप्त करने के लिए दिन शुभ है।

***मिथुन :*** आज आपका दिन आपके अनुकूल होगा। आप अपनी नौकरी में बदलाव की उम्मीद कर सकते हैं। विदेश यात्रा भी संभव है। आज आपके धन में बढ़ोत्तरी होगी। छात्र अपनी पढ़ाई में अच्छा करेंगे।

***कर्क :*** आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। व्यवसायियों को नए रुझान और रास्ते मिलेंगे जो उनकी नकदी में वृद्धि करेंगें। आपके द्वारा की गई बचत, आपके परिवार के लिए लाभकारी साबित होगी बुजुर्ग अपने बच्चों को सफलता प्राप्त करते हुए देख खुश होंगे।

***सिंह :*** आज का दिन आपके लिए कुछ परेशानी लिए हो सकता है, बाकी दिन मिलाजुला रहेगा। काम के दौरान आप वैचारिक मतभेदों को लेकर अपने सहयोगियों के साथ संघर्ष में आ सकते हैं।

***कन्या :*** आज आपका दिन सामान्य रहेगा। आज आप अपने अधीनस्थ अथवा सहयोगी को संवेदनशील मुद्दों को समझाने में मदद कर सकतें हैं। अविवाहित युवक और युवतियों को अपना जीवन साथी मिल सकता है।

***तुला :*** आज आपका दिन मिलाजुला रहेगा व आपका आर्थिक पक्ष अस्थिर हो सकता है। आपके आलोचक और शत्रु आपके लिए समस्याएं पैदा करेंगे किन्तु आप कूटनीति के प्रयोग से उन्हें चुप करा सकते हैं।

***वृश्चिक :*** आज आपका दिन बेहतरीन होगा। आज खुद के लिए जोखिम लेने की क्षमताओं पर अंकुश लगाना बेहतर होगा। यदि आपने पहले से भी जोखिम उठाए हैं तो उन्हें उपयुक्त रूप से पुरस्कृत किया जाएगा।

***धनु :*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आज आप प्रेम संबंधों में लिप्त जातक अपने साथी के साथ भावनात्मक परिवेश में एक नया समीकरण विकसित कर पाएंगे। आर्थिक रूप से भी आज का समय उत्कृष्ट है। स्वास्थ्य में लाभ होगा।

***मकर :*** आज आपका दिन आपके अनुरूप वह परिस्थितियों के अनुरूप दोनों तरह से होगा। व्यापारिक सन्दर्भ में विलय हो सकतें हैं। प्रतिकूल समय है, कार्य स्थल पर बार-बार परिवर्तन आपको भ्रमित कर सकता है।

***कुंभ :*** आज आपका दिन शुभ रहेगा। आज आप व्यापारिक एव व्यावसायिक सन्दर्भ में महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। आप अपने प्रयासों से चौतरफा सफलता प्राप्त करेंगे और आपकी शक्तियां बढ़ेंगी। आप अपने द्वारा किए गए किसी भी निवेश में लाभ प्राप्त करेंगे और मन संतुष्ट एव शांत रहेगा।

***मीन :*** आज का दिन आपके लिए शानदार साबित होगा। कठिन समय के बाद आखिरकार आप अपने चेहरे पर मुस्कान के साथ सुकून देख सकेंगे। आप अपनी कड़ी मेहनत और श्रम के लिए इनाम की उम्मीद कर सकते हैं।

# जल्द आएगी दृश्यम 3, निर्देशक अभिषेक पाठक ने की पुष्टि



अभिनेता अजय देवगन की थ्रिलर फिल्म दृश्यम 2 का खुमार दर्शकों के सिर चढक़र बोल रहा है। पहले भाग की तरह इसके दूसरे भाग को भी सिनेमाघरों में शानदार प्रतिक्रिया मिली है। अब निर्देशक अभिषेक पाठक ने दृश्यम 3 की पुष्टि कर दी है। एक इंटरव्यू में उन्होंने फिल्म की अगली किस्त को लेकर अपनी उत्सुकता जाहिर की है। इसमें फिर अजय पर्दे पर मुख्य भूमिका में नजर आने वाले हैं।

उन्होंने कहा, लोग अभी उत्साहित हैं, इसलिए वे इसके तीसरे और चौथे भाग की थ्योरी पर बात कर रहे हैं। लेकिन अभी फिल्म को रिलीज हुए करीब एक सप्ताह ही हुआ है। निश्चित रूप से फिल्म के तीसरे भाग की मांग है और यह बनेगा भी। जब हमारे पास कुछ समय होगा, तो हम सोचेंगे कि अगले भाग में क्या करना है।

अभिषेक ने फिल्म के 100 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने पर अपनी खुशी जताई। दर्शकों की मिली प्रतिक्रियाओं से वह काफी गदगद हैं। कुछ समय पहले एक इंटरव्यू में निर्देशक जीतू जोसेफ ने मोहनलाल और बाकी कलाकारों को साथ लेकर दृश्यम 3 बनाने का ऐलान किया है। हालांकि, अभी इसकी कहानी भी नहीं लिखी गई है। फिल्म की स्क्रिप्ट को तैयार करने में मेकर्स को अधिक समय लग सकता है। दृश्यम 2 ने भारत में 112.53 करोड़ रुपये कमाए हैं। इसने अपने पहले वीकेंड में ही 64.14 करोड़ रुपये जुटा लिए थे। शुक्रवार को फिल्म ने अपने खाते में 7.87 करोड़ रुपये का इजाफा किया।

# रणवीर सिंह की सर्कस का टीजर जारी, डबल रोल में दिखे अभिनेता




अभिनेता रणवीर सिंह की कॉमेडी फिल्म सर्कस जल्द सिनेमाघरों में दस्तक देगी। फिल्म क्रिसमस के अवसर पर 23 दिसंबर को दर्शकों के बीच आ रही है। अब मेकर्स ने इसका मजेदार टीजर जारी कर दिया है। इसमें फिल्म के सभी कलाकारों की झलक दिखी है। खास बात यह है कि टीजर में लीड कलाकार रणवीर को डबल रोल में देखा गया है। फिल्ममेकर रोहित शेट्टी ने इसका निर्देशन किया है। रणवीर ने अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर फिल्म का टीजर शेयर किया है। उन्होंने अपने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, हमारी दुनिया में आपका स्वागत है। 2 दिसंबर को आ रहा है इसका ट्रेलर। टीजर में जैकलीन फर्नांडिस, पूजा हेगड़े, जॉनी लीवर, संजय मिश्रा, टीकू तलसानिया, बृजेंद्र काला, सिद्धार्थ जाधव, वरुण शर्मा और अश्विनी कालसेकर नजर आए हैं।

# सर्दियों में घर पर बनाएं स्वादिष्ट सरसों का साग



सर्दियों का सीजन आते ही खाने के लिए कई तरह के साग भी मिलने लगते हैं। सर्दियों में का साग सबसे ज्यादा लोकप्रिय और मशहूर है। अगर आपके घर में भी सभी इसे पसंद करते हैं, तो इन आसान तरीकों से इसे तैयार कर सकते हैं।

### सामग्री :

आधा किलो सरसों का साग, 250 ग्राम बथवा, 250 ग्राम पालक, बारीक कटी हुए 15 लहसुन, 12 से 15 बारीक कटी हरी मिर्च, बारीक कटा 2 इंच अदरक का टुकड़ा, तीन चम्मच मक्के का आटा, स्वादानुसार नमक, **तड़के के लिए-** एक बारीक कटी प्याज, दो चम्मच देसी घी, एक बारीक कटा टमाटर, दो बारीक कटी हरी मिर्च, एक इंच अदरक का टुकड़ा (कद्दुकस), कद्दुकस की लहसुन की पांच कलियां, आधा चम्मच धनिया पाउडर, चुटकीभर नमक।

### विधि :

सबसे पहले सरसों, पालक और बथवे को अच्छी तरह साफ करके धोकर बरीक-बारीक काट लें।अब इसे किसी गहरे बर्तन या प्रेशर कूकर में डालकर उबाल लें। उबले हुए साग में अदरक, लहसुन और हरी मिर्च मिलाकर मथनी से हल्का सा मैश कर लें। अब तीन चम्मच मक्के का आटा और तीन चम्मच गर्म पानी डालकर इसे अच्छे से घोट लें। एक पैन में दो चम्मच देसी घी डालें और फिर इसमें प्याज डालकर हल्का ब्राउन होने तक भुनें। इसके बाद इसमें लहसुन और अदरक डालकर तीन से चार मिनट तक और भूनें। इसके बाद टमाटर, नमक,धनिया पाउडर इसे अच्छी तरह से पका लें। प्याज-टमाटर अच्छे से पक जाने के बाद इसमें साग मिलाकर इसे कुछ देर हल्की आंच पर पकाएं। अब एक पैन में दो चम्मच देसी घी डालें और उसमें थोड़ी सी हींग, जीरा और तीन सूखी लाल मिर्च डालकर फ्राई करें। अंत में इस तड़के को साग के ऊपर डालकर गर्मागर्म साग का आनंद उठाएं।


# शब्द सामर्थ्य- 266

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पांचवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 265 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | र्जा | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

# सू-दोकू- 266

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.265 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |